# संेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२३-२०२४**

**कक्षा:- तीन** | **विषय:- हिंदी व्याकरण** | **पाठ :- क्रिया**

परिभाषा - जिन शब्दों से किसी काम का करना या होना प्रकट होता है, वह क्रिया कहलाते हैं ।

जैसे :- खाना ,सोना, पढ़ना ,दौड़ना, झूलना, देखना, बोलना ,तैरना आदि ।

उदाहरण:-

1)पक्षी उड़ रहे हैं ।

2)चिड़िया दाना चुग रही है ।

3)सीता गाना गा रही है ।

4)राम पत्र लिख रहा है ।

5)माली फूल चुन रहा है ।

6)घोड़ा दौड़ रहा है ।

अभ्यास 1

निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया रेखांकित कीजिए ।

1)राधा खीर बना रही है ।

2)बालक पलंग पर सो रहा है ।

3)राधिका कविता लिख रही है ।

4)प्रतीक झूला झूल रहा है ।

5)बत्तख तालाब मे तैर रही है ।

6)माली पौधे सींच रहा है ।

7)राहुल पतंग उड़ा रहा है ।

8)अनिल बगीचे में सैर कर रहा है ।

9)आकाश में बादल गरज रहे हैं ।

10)बगीचे में फूल खिल रहे हैं ।

## अभ्यास 2

**निम्नलिखित वाक्यों में सही क्रिया शब्द से खाली स्थान भरिए ।**

1)रमन टी॰वी॰ ______ रहा है ।

2)दादा जी फल _____ रहे हैं ।

3)रीना कविता _____ रही है ।

4)दर्जी कपड़े ______ रहा है ।

5)पेड़ से पत्ते ______ रहे हैं

6)भैया साइकिल _____ रहा है ।

7)अध्यापिका कक्षा में _____ रही है ।

8)माँ सब्ज़ी ______ बना रही है ।